बधैया बाजे आँगने में

आँगने में बधैया बाजे,
आँगने में बधैया बाजे।।

चंद्रमुखी मृगनयनी अवध की,
तोड़त ताने रागने में,
बधैया बाजे आँगने मे।।

प्रेम भरी प्रमदागन नाचे,
नूपुर बाँधे पायने में,
बधैया बाजे आँगने मे।।

न्योछावर श्री राम लला जु,
नहिं कोऊ लाजत माँगने में,
बधैया बाजे आँगने मे।।

सियाअली यह कौतुक देखत,
बीती रजनी जागने में,
बधैया बाजे आँगने मे।।

बधैया बाजे आँगने में,
बधैया बाजे आँगने मे।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24588/title/badhayia-baaje-aangne-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |